तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

12 दिनभर बिजली संकट से जनजीवन बेहाल गुस्साए लोगों को लगाया जाम...



12 रंगारंग प्रस्तुतियों से युवतियों ने मचाया धमाल



माउंट एल्ब्रुस की चोटी पर रजत ने किया शीर्षासन, तिरंगा लहराकर बनाया विश्व रिकॉर्ड



बराड़ा। माउंट एल्ब्रुस की चोटी पर तिरंगा फहराते हुए रजत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

हौसले बुलंद हों तो ऊंचाइयां भी छोटी पड़ जाती हैं। इस कहावत को सच कर दिखाया है महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी रजत ने। रजत ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एल्ब्रुस पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर वहां तिरंगा लहराया और चोटी पर शीर्षासन कर अपनी साहसिक उपलब्धि से सभी को हैरान कर दिया। कॉलेज के अनुसार, रजत ने इस उपलब्धि के माध्यम से विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। उसकी इस सफलता से महाविद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। रूस में स्थित माउंट एल्ब्रुस समुद्र तल से 5,642 मीटर की ऊंचाई पर है। इतनी ऊंचाई पर पहुंचना अपने आप में चुनौतीपूर्ण है, वहीं वहां शीर्षासन करना रजत के साहस, शारीरिक क्षमता, संतुलन और दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है। रजत को इस पर्वतारोहण अभियान और उपलब्धि के लिए रूसी पर्वतारोहण संघ की ओर से प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया है। ग्रामीण परिवेश में स्थित महाविद्यालय के विद्यार्थी की इस उपलब्धि को विशेष रूप से गौरवपूर्ण माना जा रहा है। रजत ने यह साबित किया है कि प्रतिभा और मेहनत किसी क्षेत्र या परिस्थिति की मोहताज नहीं होती। यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण और उसे हासिल करने का जुनून हो तो बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना किया जा सकता है।

रजत को किया सम्मानित

रजत की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने उसे स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रजत की सफलता पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उसकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर प्रयास और साहस के बल पर कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने रजत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आगे भी इसी तरह नई ऊंचाइयों को छूकर देश और महाविद्यालय का नाम रोशन करेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) डॉ. विजय चौहान भी उपस्थित रहे। उन्होंने रजत की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे साहसिक अभियान युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, शारीरिक दृढ़ता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करते हैं। महाविद्यालय परिवार ने रजत की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हौसले ने हराई हिमालय की चुनौती, प्रदीप मुंडेजा ने एवरेस्ट बेस कैंप पर फहराया पीएनबी का ध्वज

करनाल। करनाल निवासी एवं पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय करनाल में मुख्य प्रबंधक प्रदीप मुंडेजा ने नेपाल स्थित 5,364 मीटर ऊंचे एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचकर पंजाब नेशनल बैंक का ध्वज फहराया। उन्होंने 5 से 17 अक्टूबर तक चले अभियान में करीब 130 किलोमीटर की कठिन हिमालयी पैदल यात्रा पूरी की। दुर्गम रास्तों, कम ऑक्सीजन, कड़ाके की ठंड और लगातार बढ़ती ऊंचाई की चुनौतियों के बावजूद मुंडेजा ने अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। उनकी उपलब्धि इसलिए भी खास है कि वे 100 प्रतिशत श्रवण बाधित हैं। उन्होंने भारत से पूरी यात्रा की योजना स्वयं बनाई और पुणे के एक ट्रेकिंग समूह के साथ अभियान पूरा किया। मुंडेजा सुपर रैंडोन्यूर साइक्लिस्ट हैं और प्रोकैम के प्रतिष्ठित रनिंग आयोजनों में भी हिस्सा ले चुके हैं। उन्हें सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन के राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने सफलता का श्रेय परिवार, सहकर्मियों, ट्रेकिंग टीम और पंजाब नेशनल बैंक से मिले प्रोत्साहन को दिया।

- 100 प्रतिशत श्रवण बाधित मुख्य प्रबंधक ने 130 किलोमीटर का कठिन ट्रेक किया पूरा



करनाल। एवरेस्ट बेस कैंप पर पंजाब नेशनल बैंक का ध्वज फहराते प्रदीप मुंडेजा।

खबर संक्षेप

प्रोफेसर से मारपीट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कैंपस में लॉ फैकल्टी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जतिन गहलोन से मारपीट के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी आशीष उर्फ टोबो को गिरफ्तार कर लिया है। वह कैथल जिले के झांबा गांव का रहने वाला है और घटना के बाद से फरार था। सीआईए-2 की टीम ने उसे रात को कुरुक्षेत्र से पकड़ा। अब पुलिस उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। सीआईए-2 इंचार्ज मनदीप सिंह के अनुसार, मामले में पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि दो नाबालिगों को अभिरक्षा में लिया गया था। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अब तक पकड़े गए आरोपियों की संख्या पांच हो गई है। घटना 14 अक्टूबर की शाम करीब चार बजे की है।

कैंसर के रोगी की ट्रेन से कट कर मौत

पानीपत। पानीपत रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से 45 वर्षीय अशोक कुमार निवासी गांव गांव घोघडीपुर जिला करनाल की मौत हो गई। जीआरपी ने अशोक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, जीआरपी की जांच में पता चला कि अशोक कैंसर से पीड़ित था और शुक्रवार को पानीपत के एक निजी अस्पताल में उसका ऑपरेशन होना था। अशोक अपने उपचार के लिए वार्ड-11 चुंगी के पास की सैनी कालोनी में अपने साले धर्मवीर के घर रूका हुआ था।

बाइक असंतुलित होने पर गिरी, युवक की मौत

पानीपत। पानीपत में जीटी रोड पर डीएलएफ व एल्डिको के पास वीरवार की शाम को बाइक असंतुलित होने से सडक पर गिरकर 42 वर्षीय सुरेंद्र निवासी गांव बडौली जिला पानीपत की की मौत हो गई। सुरेंद्र एक कंपनी में सुरक्षा कर्मी की नौकरी करता था। हादसे के समय वह बाइक पर सवार होकर गांव बडौली जा रहा था। बताया जा रहा है कि सडक पर एक गड्ढे की वजह से उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सुरेंद्र का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

शहीद भगत सिंह किसान यूनियन का थानेसर मार्केट कमेटी कार्यालय पर प्रदर्शन

पोर्टल पर कहीं बासमती तो कहीं बंजर दिखा दी जमीन, धान बेचने के लिए भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

धान की सरकारी खरीद के बीच पोर्टल पर फसल और जमीन का गलत ब्योरा दर्ज होने का मामला सामने आया है। किसानों का आरोप है कि खेतों में गैर-बासमती धान की फसल होने के बावजूद पोर्टल पर उसे बासमती दिखा दिया गया, जबकि कुछ जमीन को बंजर दर्ज कर दिया गया। इससे किसानों को मंडी में धान बेचने और गेट पास बनवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर शुक्रवार को शहीद भगत सिंह किसान यूनियन ने किसानों के साथ मार्केट कमेटी कार्यालय थानेसर में रोष प्रदर्शन किया। यूनियन ने सोमवार तक पोर्टल पर दर्ज गलत जानकारी ठीक करने का अल्टीमेटम दिया है। यूनियन के जिला प्रधान एडवोकेट संजू नंबरदार ने बताया कि सुनहेड़ी खालसा, बीड़ अमीन, तिगरी खालसा और इस्हाकपुर सहित कई गांवों के किसान करीब 20 दिन से एसडीएम, तहसीलदार और पटवारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। किसानों ने समाधान शिविर में भी शिकायत दी, लेकिन उनके अनुसार समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

- सोमवार तक सुधार का अल्टीमेटम



कुरुक्षेत्र। थानेसर मार्केट कमेटी कार्यालय पर प्रदर्शन करते शहीद भगत सिंह किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

13 किल्ले जमीन में 7 एकड़ पर बासमती दर्ज

बीड़ अमीन निवासी किसान रविंद्र सिंह ने बताया कि उनकी करीब 13 किल्ले जमीन के पोर्टल पर पहले गैर-बासमती धान का विवरण दर्ज था। अब करीब सात एकड़ जमीन पर बासमती धान दिखाया जा रहा है। इसके अलावा लगभग दो किल्ले जमीन को खेती योग्य न दिखाकर बंजर दर्ज कर दिया गया है। किसान का कहना है कि इस गड़बड़ी के कारण धान बेचने में परेशानी आ रही है और करीब 250 क्विंटल धान बिक्री के इंतजार में पड़ा है। रविंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि वह पटवारी से तीन बार संपर्क कर चुके हैं। हर बार पोर्टल अपडेट होने की बात कही गई, लेकिन समस्या बरकरार है। उनका यह भी आरोप है कि सत्यापन के लिए पटवारी खेत में नहीं पहुंचे और कार्यालय में बैठकर ही जानकारी अपडेट कर दी गई।

जमीन का ब्योरा गलत होने का आरोप

यूनियन के महासचिव संजीव आलमपुर ने बताया कि पोर्टल पर गलत जानकारी दर्ज होने की शिकायतें कई गांवों से मिल रही हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक किसान की करीब साढ़े 16 किल्ले जमीन में लगभग नौ किल्ले पर बासमती धान दर्ज कर दिया गया। कुछ मामलों में जमीन को बंजर दिखाने की भी शिकायत है।

सोमवार तक सुधार नहीं हुआ तो करेंगे प्रदर्शन

यूनियन ने मांग की कि जिन गांवों में गिरदावरी या पोर्टल पर फसल और जमीन का विवरण गलत दर्ज है, उसे तुरंत ठीक किया जाए। पटवारियों को खेतों में भेजकर वास्तविक स्थिति की जांच कराई जाए, ताकि किसानों को सरकारी खरीद के दौरान धान बेचने और गेट पास बनवाने में दिक्कत न आए। एडवोकेट संजू नंबरदार ने चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो यूनियन तहसीलदार कार्यालय पर ताला लगाने का कदम उठाएगी।

मंडियों में बाहर की सस्ती धान खपाकर सरकारी खजाने को चूना लगाने का आरोप

- भाकियू सर छोटूराम ने उठाए सवाल—लोकल फसल बिक चुकी तो धान से भरी ट्रालियां कहां से आ रहीं



करनाल। धान खरीद में गड़बड़ी का आरोप लगाते भाकियू सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी।

करनाल। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हरियाणा में धान खरीद में बड़े घोटाले का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सहित दूसरे राज्यों से सस्ते दाम पर धान खरीदकर करनाल की मंडियों में महंगे दाम पर बेची जा रही है। इसके लिए उन किसानों के पोर्टल का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिनकी धान पहले ही निजी तौर पर बिक चुकी है। मैहला ने आरोप लगाया कि पहले किसानों की धान सस्ते दाम पर खरीदी गई और अब बाहर से सस्ती धान मंगाकर मोटा मुनाफा कमाने के साथ सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने राइस मिलरों, व्यापारियों और आढ़तियों के साथ मंडी प्रशासन व खरीद एजेंसियों के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया। यूनियन ने राइस मिलों की फिजिकल वेरिफिकेशन कराने और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व अन्य लोगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। बहादुर मैहला ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश से ट्रकों में धान लाकर करनाल के आसपास खेतों में उसे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरा जाता है और फिर मंडियों तक पहुंचाया जाता है। उनके अनुसार स्थानीय किसानों की धान बिक चुकी है और खेतों में फसल भी नहीं खड़ी, इसके बावजूद मंडियों में धान से भरी ट्रालियों की लाइन लगी हुई है। उन्होंने इसकी जांच की मांग की। आरोप लगाया कि निजी तौर पर बिकने वाली बारीक धान 1509 के पोर्टल का दुरुपयोग कर उसकी जगह पीआर धान दिखाते हुए बाहर की सस्ती धान बेची जा रही है। इस बार करनाल में 1509 धान का बड़ा क्षेत्र था और इसे निजी व्यापारियों ने खरीदा था।

दो दिन बाद नहर में मिले युवक के शव की पहचान, पंजाब का परमिंद्र निकला मृतक

- 17 अक्टूबर को घर के पास नहर किनारे बैठा था युवक, पैर फिसलने से गिरने की आशंका; पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

ज्योतिसर के पास नरवाना ब्रांच नहर से मिले अज्ञात युवक के शव की दो दिन बाद पहचान हो गई है। मृतक की पहचान पंजाब के पटियाला जिले के गांव लाचरू खुर्द निवासी परमिंद्र सिंह (38) के रूप में हुई है। गुरुवार शाम को परिजन गोताखोर के माध्यम से मिली शव की फोटो के आधार पर पहचान करने के लिए एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, 20 अक्टूबर को ज्योतिसर पुलिस चौकी को नरवाना ब्रांच नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। गोताखोर प्रगट सिंह ने शव को नहर से बाहर निकाला और पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष आंकी गई थी। उसने काले रंग की पैंट और ग्रे रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी।



मृतक परमिंद्र।

व्हाट्सएप पर मिली शव की फोटो

परिजनों के अनुसार, परमिंद्र 17 अक्टूबर को कथित तौर पर शराब के नशे में घर के पास नहर किनारे बैठा था। इसी दौरान पैर फिसलने से उसके नहर में गिरने की आशंका है। परिवार ने उसकी तलाश के लिए गोताखोरों की मदद भी ली थी। बाद में नहर से अज्ञात युवक का शव मिलने की खबर और उसकी फोटो सोशल मीडिया व व्हाट्सएप के माध्यम से परिजनों तक पहुंची। इसके बाद वे कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे और शव की पहचान की।

युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

यमुनानगर। गांव हुंडेवाला में प्रेम विवाह करने वाली युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने पति व ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। मृतका ने पांच साल पहले गांव हुंडेवाला निवासी पंकज से प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की केसर नगर कॉलोनी निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उनकी बेटी शिल्पी ने करीब पांच साल पहले हुंडेवाला गांव निवासी पंकज के साथ घर से भागकर प्रेम विवाह किया था। इस बात से नाराज होकर उन्होंने बेटी से संबंध खत्म कर लिए थे। पंकज प्लाईवुड फैक्ट्री में लकड़ी सप्लाई का काम करता है। सोमवार को एक परिचित ने अशोक को बताया कि हुंडेवाला गांव में किसी लड़की की हत्या हुई है। उसने उनसे पता करने को कहा कि कहीं वह उनकी बेटी तो नहीं। इसके बाद अशोक पंकज की फैक्ट्री पहुंचे। वहां पता चला कि पंकज की पत्नी की मौत हो गई है। इसलिए वह काम पर नहीं आया। इसके बाद अशोक पुलिस को साथ लेकर हुंडेवाला गांव पहुंचे और बेटी की ससुराल गए। वहां शिल्पी के तीसरे का खाना खिलाया जा रहा था। अशोक के अनुसार पुलिस ने शिल्पी के ससुर विनोद से मौत के बारे में पूछा तो उसने बताया कि बहू को हार्ट अटैक आया था और शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई थी।

शिव नगर कॉलोनी कैंप में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे व तलवारें

- पुलिस ने दोनों पक्षों के दर्जन भर युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की शिव नगर कॉलोनी कैंप में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे व तलवारे चली। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रेलवे फाटक शिवनगर कैंप निवासी आशीष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले शोएब के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। आशीष कुमार ने बताया कि 20 अक्टूबर को रात साढ़े नौ बजे वह कॉलोनी में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान उसका शोएब के साथ झगड़ा हो गया। शोएब ने अपने साथी काका, नसीम, जावेद, सूरज व आधा दर्जन अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उस पर रॉड, डंडों व तलवारों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद शुरू कर दी। उधर, जावेद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी आशीष ने अपने साथियों देव, दीपक, लांबा, भोला, राजेश व अन्य लड़कों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने डंडों विंडो व तलवार से उस पर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से युवक की मौत

यमुनानगर। शहर की थापर कॉलोनी में तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गाधोली कॉलोनी निवासी काका ने बताया कि उसके रिश्ते के भाई मनीष ने फोन कर सूचना दी कि उसके भाई 33 वर्षीय मनोज का थापर कॉलोनी में एसएस इंटरप्राइजेज के पास एक्सीडेंट हो गया है। मनोज को स्वामी विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही वह अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने मनोज की उपचार के दौरान मौत होने की जानकारी दी। उसने बताया कि आसपास के लोगों से घटना के बारे में पता करने पर जानकारी मिली कि ऑल्टो कार के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़े मनोज को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मनोज कार और बिजली के ट्रांसफार्मर के बीच फंस गया।

डीटीपी की टीम ने अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा थानेसर के गांव दर्रा खुर्द में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने थानेसर के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 9.30 एकड़ में बनी अवैध कालोनी में बने रोड नेटवर्क, सीवरेज व डीपीसी के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा थानेसर के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 9.30 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे, परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।



आग में राख हुई पॉलिएस्टर फैक्टरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के काबडी रोड एरिया के कुलदीप नगर में स्थित विक्की नामक युवक की पॉलिएस्टर फैक्टरी में कथित रूप से बिजली के शॉट सर्क्रिट के कारण आग लग गई। वहीं, हवा बहने के कारण आग ने पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर दमकल केंद्र, हाली पार्क से एक के बाद एक कई टेंडर आग को काबू करने के लिए भेजे गए। वहीं, कडे प्रयास कर दमकल विंग ने आग को काबू कर लिया। इधर, फैक्टरी मालिक विक्की ने बताया कि उनकी फैक्टरी में आग लगने की वजह से शार्ट सर्किट बताई गई है। आग से उनकी पोलिस्टर मशीनें, नाइलोन मशीनें, गारनेट मशीन, पैनल, बिल्डिंग आदि जलकर राख हो गई। इससे उनका लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। इधर, फैक्टरी की दीवार से लगते स्थानीय निवासी सचिन के घर में भी आग की तपीश से दरारें आ गई है। इस घटना की दमकल के मुख्य अधिकारी जा कर रहे है। आग की तपिश या अन्य कारणों से मकान में दरारें आईं, इसकी तकनीकी पुष्टि होना बाकी है।



पानीपत। पॉलिएस्टर फैक्टरी में लगी आग को काबू करते हुए दमकल कर्मी।

रत्नावली राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री होंगे शामिल

रत्नावली हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत की पहचान

- 33 विधाओं में 3 हजार से अधिक कलाकार दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रत्नावली महोत्सव हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 30 अक्टूबर से 2 नवम्बर के बीच होने वाले राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। रत्नावली समारोह में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष व हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सहित कई गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय में इस महोत्सव के आयोजन की गौरवशाली परम्परा रही है। इस सांस्कृतिक महोत्सव में युवाओं की प्रतिभागिता बढ़े, कार्यक्रमों की गुणवत्ता, अनुशासन व समाचार माध्यमों के जरिए हरियाणा के जन-जन व देश के कोने-कोने तक यह कार्यक्रम पहुंचे, इसकी हर स्तर पर व्यवस्था की जाए। यह उद्गार कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने रत्नावली के आयोजन के लिए गठित कमेटियों के संयोजकों व सदस्यों को शुक्रवार को आयोजित हुई बैठक में निर्देश देते हुए कहे। उन्होंने कहा कि हरियाणवी सांस्कृतिक विरासत को युवा पीढ़ी तक पंहुचाना विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता है। हर मंच व कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक मौका दिया जाएगा।



30 अक्टूबर से सजेगा रत्नावली समारोह

रत्नावली समारोह के संयोजक छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में पहले दिन 30 अक्टूबर को ऑडिटोरियम हाल के मुख्य मंच पर रिचुअल, लूर नृत्य हरियाणवी, पॉप सोंग हरियाणवी व हरियाणवी कोरियोग्राफी, आरके सदन में हरियाणवी भजन, इयूट रागनी, ओपन एयर थियेटर में सोलो डांस (पुरुष), रागनी प्रतियोगिता, सीनेट हॉल में हरियाणवी भाषण, पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता, खुले मंच पर सांग कंपटीशन स्टूडेंट्स तथा क्रश हॉल में फोक पेंटिंग कार्यशाला व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि दूसरे दिन 31 अक्टूबर को ऑडिटोरियम हॉल में सोलो डांस (महिला), फॉक कॉस्ट्यूम पुरुष एवं महिला, हरियाणवी फैशन शो, हरियाणवी फॉक ऑरकेस्ट्रा, आरके सदन में हरियाणवी लोकगीत, हरियाणवी गजल, ओपन एयर थियेटर में हरियाणवी स्किट एवं टिट-बिट्स, सीनेट हॉल में हरियाणवी क्विज (प्री) व हरियाणवी क्विज फाइनल, खुला मंच पर सांग प्रतियोगिता का आयोजन होगा तथा क्रश हॉल में एंटिक हरियाणवी संग्रह प्रदर्शनी बोहिया, इंडी, पिड्डा, बिंदरवाल, सांझी को प्रदर्शित किया जाएगा।

भाकिसं ने बिजली के निजीकरण का किया विरोध

रादौर। भारतीय किसान संघ ने प्रदेश में बिजली के निजीकरण का विरोध किया है। संघ नेताओं ने कहा कि निजीकरण करने से बिजली का पूरा काम निजी हाथों में चला जाएगा व यह लोग फिर बिजली उपभोक्ताओं का मनमर्जी से शोषण करेंगे। भारतीय किसान संघ हरियाणा के प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह चौहान ने बताया कि सरकार को चाहिए बिजली विभाग को निजी हाथों में न सौंपे। क्योंकि इतिहास गवाह है कि जो काम निजी हाथों में गया है। उसने अपने मुनाफे के लिए देश हित में काम ना करके अपने मुनाफे के लिए काम किया है। भारतीय किसान संघ बिजली कर्मचारियों से भी अपील करता है कि आप देश हित में अपनी आवाज जरूर उठाएं। लेकिन देश के आम नागरिकों को ध्यान में रखकर बिजली का यह 24 घंटे का कट संवैधानिक नहीं है। भारत के गांव में किसान बसता है जिसको सुबह-शाम पशुओं के चारे के लिए व पीने के पानी के लिए बिजली की आवश्यकता है। कृपया सुबह शाम बिजली सप्लाई जरूर दें। हम इस लड़ाई में आपके साथ हैं और सरकार को भी चेतावनी देते हैं कि बिजली निजीकरण का जो फैसला लिया है उसको तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए।

- आम जनता के लिए बिजली कट न लगाए जाने की अपील
- आप देश हित में अपनी आवाज जरूर उठाएं

बुधवार रात्रि दस बजे से अब तक जिले के कई इलाकों में नहीं हुई बिजली सप्लाई

कैबिनेट मीटिंग में बिजली कर्मियों की मांगों पर बनी सहमति, हड़ताल खत्म

लोगों ने कई स्थानों पर बिजली सप्लाई बहाल करवाने को लेकर किए प्रदर्शन

लोग पीने के पानी के लिए दर-दर भटकने पर हुए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। पावर हाउस में बिजली की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते हुए लोग व रादौर में बिजली कर्मचारियों से बातचीत करते हुए भाजपा नेता नेपाल राणा।

बिजली कर्मचारियों की जिले में चल रही तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान गत बुधवार रात्रि दस बजे से लेकर शुक्रवार शाम तक ब्लैक आउट जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शाम को सीएम सैनी के नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया है। मीटिंग में सरकार ने एचईआरसी को प्राइवेट कंपनी का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की गई है। करीब 25 घंटे बाद हड़ताल खत्म हो गई है। बिजली सप्लाई शुरू नहीं होने से लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। आलम यह है कि जिले में इक्का दुक्का स्थानों को छोड़कर कस्बा हो या शहर या फिर ग्रामीण इलाका सभी जगह बिजली सप्लाई ठप होने से लोगों के काम धंधे ठप हो गए हैं। बिजली सप्लाई ठप होने से शुक्रवार को कई स्थानों पर लोगों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। नागरिक यशपाल, रणधीर सिंह, विरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, पवन कुमार, राजेंद्र कुमार आदि ने बताया कि गत बुधवार रात्रि दस बजे से जिले के अधिकांश स्थानों पर बिजली बंद है। संबंधित अधिकारियों को फोन किया जाता है तो उनके फोन बंद पड़े हैं। उनका कहना है कि बिजली बंद होने से व्यापारी, किसान, मजदूर, आम जनता परेशान है। वहीं, त्योहारी सीजन में छोटे दुकानदारों के कामकाज पूरी तरह ठप हो गए हैं। बच्चों की पढ़ाई पर बूरा असर पड़ रहा है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा यदि जल्द इस संबंध में कदम नहीं उठाया गया तो लोगों के बचे खुचे काम धंधे भी बंद हो जाएंगे।

सरकार द्वारा समय रहते नहीं किए गए इंतजाम

आप पार्टी के विस नेता ललित त्यागी, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी व हरियाणा युवा विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष एचके शर्मा आदि का कहना है कि बिजली कर्मचारियों द्वारा दिए गए हड़ताल के अल्टीमेटम को देखते हुए सरकार को पहले से ठोस कदम उठाने चाहिएं थे। ताकि बिजली बंद होने पर जनता परेशान ना हो सके। मगर बिजली ठप हुए करीब 36 घंटे से अधिक का समय हो चुका है और सरकार अभी तक हाथ पर हाथ धरे बैठी है। सरकार को तुरंत इस मामले में बिजली सप्लाई बहाल करवाए जाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिएं।

जनरेटर लगवाकर भरा पीने का पानी

राढौर में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते लोग पानी की एक एक बूंद से तरस गए हैं। हड़ताल के दूसरे दिन राढौर में लोगों ने जहां प्रदर्शन कर अपना रोष जताया। वहीं, कस्बा में पीने के पानी के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए नलकूपों पर जनरेटर लगाकर पीने का पानी भरा गया। इस दौरान पानी व बिजली की सप्लाई न होने से गुस्साये सैंकड़ो स्थानीय लोग नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु, सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया, पार्षद प्रतिनिधि सुदेश सैनी, पार्षद विनिश राणा के नेतृत्व में पावर हाउस पहुंचे। स्थानीय लोगों ने पावर हाउस के कर्मचारियों से शहर में बिजली सप्लाई की मांग की। लेकिन कर्मचारियों ने लाइनो में फाल्ट होने की बात कहकर बिजली चलाने से मना कर दिया। इसके बाद हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने बिजली अधिकारियों से बात की तो दो जेई ड्यूटी पर होते हुए भी गैरहाजिर मिले। जिसके बाद भाजपा नेता नेपाल राणा ने निगम के उच्चाधिकारियों से बात कर ड्यूटी पर गैर हाजिर चल रहे दोनो जेई को सस्पैंड करने के लिए कहा। नेपाल राणा द्वारा हस्तक्षेप करने पर शहर में बिजली की सप्लाई कुछ देर के लिए बहाल हुई। वहीं, राढौर के ग्रामीण इलाकों में बिजली बहाल नहीं हो सकी। जिससे ग्रामीण इलाके की जनता शुक्रवार शाम तक त्राहि माम त्राहिम माम करते हुए बिलखते हुए नजर आई।



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मुकंद कप प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जेएमआईटी रादौर की टीम ने जीता वॉलीबाल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को एक दिवसीय इंटर कॉलेज मुकंद कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुकंद समूह के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जेएमआईटी रादौर व एमएलएन कॉलेज यमुनानगर की टीमों के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले में जेएमआईटी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। मौके पर एमएलएन कॉलेज यमुनानगर के पूर्व छात्र एवं हरियाणा पुलिस में उप निरीक्षक अनिल कांबोज बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना रहा।

निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए बताया कि अनिल कांबोज मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर के पूर्व विद्यार्थी रहे हैं। वे वॉलीबॉल कोटे के माध्यम से हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे। उन्होंने तीन बार अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया है। उनकी उपलब्धियाँ विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इन टीमों ने लिया हिस्सा

स्पर्धा में एमएलएन कॉलेज रादौर, एसजेपी दामला, जेएमआईईटीआई रादौर, एमएलएन कॉलेज यमुनानगर व मेजबान जेएमआईटी की टीमों ने हिस्सा लिया।

शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं खेल

निदेशक ने प्रतियोगिता में विजेता रही टीम को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामूहिक रूप से कार्य करने की भावना विकसित होती है।

छात्र किशन बना मिस्टर करियर क्वेस्ट

- मुकंदलाल कॉलेज में हुई करियर क्वेस्ट व्यावसायिक व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



मुकंदलाल नेशनल कालेज यमुनानगर में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में शुक्रवार को करियर क्वेस्ट 2026 व्यावसायिक व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज प्राचार्य डॉ. मनोहर गोयल ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. नित्या कौशिक ने बताया कि प्रतियोगिता को दो चरणों में विभाजित किया गया। पहले राउंड के अंतर्गत विद्यार्थियों के व्यावसायिक पहनावे, परिचय देने की कला, व्यक्तित्व प्रस्तुति और आत्मविश्वास का मूल्यांकन किया गया। वहीं, दूसरे राउंड में प्रश्नोत्तर सामान्य जागरूकता तथा आलोचनात्मक चिंतन से संबंधित क्षमताओं का आंकलन किया। दोनों चरणों के माध्यम से प्रतिभागियों की बहुआयामी प्रतिभा और व्यावसायिक दक्षताओं को परखा गया। इस दौरान प्रतियोगिता में छात्र किशन को मिस्टर करियर क्वेस्ट का खिताब दिया गया। वहीं, छात्रा गार्गी को मिस करियर क्वेस्ट का खिताब दिया गया। जबकि राधे को बेस्ट स्टाइल आइकन अवॉर्ड, आहना को आउटस्टैंडिंग कम्युनिकेटर अवॉर्ड तथा वंशिका को इंटेलेक्चुअल एज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. परवीन खुराना, डॉ. रचना अग्रवा व डॉ. सुमिता सुमिता कंवर ने निभाई।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी निभाना जरूरी: कुमार



यमुनानगर। स्वच्छ भारत मिशन(एसबीएम) द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय लेबर कालोनी में स्वच्छता एवं पार्यावरण संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में स्वच्छ भारत मिशन के विशेषज्ञ आकाश कुमार व गगन बेनीवाल ने विद्यार्थियों को होम कम्पोस्टिंग का प्रशिक्षण और सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। मिशन के विशेषज्ञ आकाश कुमार ने कहा कि स्वच्छता की आदतें अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदार बनने से पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सकता है। उन्होंने मौके परं विद्यार्थियों को गीले कचरे से घर पर ही जैविक खाद तैयार करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि रसोई से निकलने वाले जैविक कचरे का उचित प्रबंधन करके उसे उपयोगी खाद में बदला जा सकता है। इससे कचरे की मात्रा कम करने के साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी मदद मिलती है। विद्यार्थियों को घरों में कम्पोस्टिंग अपनाने और इसके बारे में अपने परिवार के सदस्यों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। दूसरे मुख्य वक्ता गगन बेनीवाल ने विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाए गए जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में जानकारी दी।

एसआईआर चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा : अरोड़ा

- चुनावी हार का ठीकरा किसी प्रक्रिया पर फोड़ने से जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर से भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने एसआइआर एवं इवीएम के विरोध एवं देश में कांग्रेस पार्टी द्वारा किए जा रहे गलत प्रचार का पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने कांग्रेस को चेताया कि वह चुनावी हार का ठीकरा किसी प्रक्रिया पर फोड़ने से राजनीतिक जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने उक्त शब्द शुक्रवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बातचीत करते हुए कहे। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण और अद्यतन चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत देश में एसआइआर प्रक्रिया की शुरुआत कांग्रेस पार्टी के राज में शुरू हुई थी। इसके बाद केवल एक बार वाजपेयी सरकार व वर्तमान में मोदी सरकार के जितनी भी एसआइआर की प्रक्रियाएं हुई हैं वो सभी कांग्रेस शासन के दौरान हुई है। चुनावी हार का ठीकरा किसी प्रक्रिया पर फोड़ने से राजनीतिक जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि जब किसी राज्य में कांग्रेस को चुनावी सफलता मिलती है तब उसे एसआईआर प्रक्रिया व इवीएम में कोई खामी नजर नहीं आती है।

विद्यार्थियों को दिया संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास पर प्रशिक्षण

रादौर। ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रादौर में चल रहे तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुक्रवार को समापन हो गया। इस दौरान अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, साक्षात्कार तकनीक और समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य प्रशिक्षक प्रसिद्ध सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर एवं एडजंक्ट फैकल्टी ईश शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने व्यक्तित्व, व्यवहार और व्यावसायिक दक्षताओं को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को बताया गया कि साक्षात्कार के दौरान आत्मविश्वास के साथ अपनी बात प्रस्तुत करना, विषय का स्पष्ट ज्ञान रखना और प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण करना सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंतिम दिन विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, स्मार्ट एप्रोच, विभिन्न जोन्स, प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए प्रायोरिटी मैट्रिक्स तथा समय प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।





मानसिक स्वास्थ्य छात्रों के सर्वांगीण विकास में है महत्वपूर्ण: पूजा ककड़

रादौर। सीबीएसई द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के लिए रादौर के डीएवी स्कूल में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों ने भाग लिया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक कल्याण के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें विद्यार्थियों की मानसिक एवं भावनात्मक आवश्यकताओं को समझने के लिए प्रशिक्षित करना रहा। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रुप में विषय विशेषज्ञ पूजा ककड़ व कविता ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ पूजा ककड़ शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य उनके सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक प्रदर्शन तथा व्यक्तित्व निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के व्यवहार एवं भावनात्मक बदलावों का सूक्ष्मता से निरीक्षण करने, उनकी समस्याओं को समझने तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

महाराजा अग्रसेन के संदेश सभी वर्गों के लिए प्रेरणादायक: गर्ग

रादौर। महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष में रादौर के सफल पैलेस में समाज के लोगों ने संकीर्तन कार्यक्रम व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अग्रबंधुओ ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। समाजसेवी पवन गर्ग ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। हवन यज्ञ में समाज के लोगों ने आहुतियां अर्पित कर सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यातिथि एवं समाजसेवी पवन गर्ग ने कहा कि कहा कि महाराजा अग्रसेन द्वारा दिए गए सामाजिक एकता के संदेश से हम दुनिया को भाईचारे की प्रेरणा दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन जी का उद्देश्य जरुरतमंद परिवारों की मदद करना व आपसी भाईचारा मजबूत करना था। महाराजा अग्रसेन जी के आदर्श आज भी समाज को जनकल्याण एवं परस्पर सहयोग की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर सचिन गुप्ता, अमित गर्ग, तरुण गर्ग, विनय जिंदल, पंकज गुप्ता, हनी गर्ग, आयुष गर्ग, अनुभव अग्रवाल, राघव गुप्ता, साजन सिंगला, दीपक, हेमन्त, राजेश आदि रहे।





स्केचिंग आन द स्पाट प्रतियोगिता में छात्र अनुराग ने पाया प्रथम स्थान

यमुनानगर। जिला कल्याण परिषद यमुनानगर के तत्वावधान में बाल भवन में बाल महोत्सव का आयोजन किया गया। बाल महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखमिंदर सिंह ने किया। बाल कल्याण अधिकारी सुखमिंदर सिंह ने बताया कि बच्चों की प्रतिभा निखारने हेतु हर वर्ष बाल भवन यमुनानगर में बाल महोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों की विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं। ताकि उन्हें उचित मंच मिल सके। इस बार भी विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई हैं। जिनमें स्केचिंग ऑन द स्पॉट प्रतियोगिता में अनुराग ने पहला, प्रियम ने दूसरा और विराट वर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में गौतम प्रथम, सरताज कांबोज द्वितीय और सानवी कंबोज तृतीय स्थान पर रहे। एकल गायन में स्मृत ने पहला, राजन ने दूसरा और जाह्नवी सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया।

ग्लोब संस्थान के विद्यार्थियों ने कुल 62 पदक जीतकर ट्राफी अपने नाम की

एथलेटिक स्पर्धा में 33 स्वर्ण पदकों पर ग्लोब हेरिटेज संस्थान का कब्जा

इस उपलब्धि पर संस्थान में खुशी का माहौल, किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने शानदार खेल प्रतिभा, कठिन परिश्रम व उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए इंटर स्कूल एथलेटिक चैंपियनशिप में विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के खेलकूद विभाग के अध्यापक विजय कुमार ने बताया कि पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में आयोजित इंटर स्कूल एथलेटिक चैंपियनशिप में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 33 स्वर्ण, 24 रजत और 5 कांस्य पदकों सहित कुल 62 पदक अपने नाम कर ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। विद्यार्थियों की मेहनतए खेल के प्रति समर्पण और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम रहा कि विद्यालय ने पदकों की शानदार झड़ी लगाते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में युवराज, नक्ष, लवीश, नवरीत, यश्विन, अश्मीत, इशू, गुरनूर, अविरल, मनन, युगवीर, रिद्धान, रेशव, दीपांशु, आरवी, विहान, इशिका, अनिरुद्ध, प्रयागराज, योजित, कनिष्क व कर्ण सहित खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं सीरत, परीषा, रुद्रांश, खुश, देवांश, मानविक, आरव, माणिक, यश्विन, जश्न, एविक, यश्वी, अर्जुन, मोहित, अविरल, खवीश, मनन, पूर्वी, वाणिज, दीपांशु, अश्मीत, कनिष्क, दिया और गुरवंश ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय पहुंचने पर सभी विजेता खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

छात्र प्रशंसा के पात्र

प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थी प्रशंसा के पात्र हैं। पदक जीतना निश्चित रूप से गर्व की बात है, लेकिन प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारना, अनुशासन बनाए रखना और टीम भावना के साथ आगे बढ़ना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

केवल ब्रह्मज्ञान कर सकता है विकारों का विनाश: रुपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के कैंप में चल रही भागवत कथा में कथाव्यास स्वामी रुपेश महाराज ने श्रद्धालुओं को ब्रह्मज्ञान के महत्व को समझाया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया गया। स्वामी रुपेश महाराज ने फरमाया कि हमारा मन ब्रह्मलोक का वासी है। वह थोड़े में संतुष्ट नहीं होता है। उसे पूर्णता व नित्य नवीनता चाहिए। इस नश्वर संसार में इसलिए हमारा मन भटकता रहता है। क्योंकि उसे उसकी मंजिल दिखाई नहीं देती और वह हमारी बुद्धि को भ्रमित करके हमें पल प्रतिपल विचलित करता है। मन को नित्य आनंद चाहिए जो इस संसार में कदापि प्राप्त नहीं हो सकता। वह तो केवल उस पारब्रह्म परमात्मा के साथ जुड़कर ही हम प्राप्त कर सकते हैं। जो पूर्ण नित्य व सदैव नूतन है। यदि हमें अपने मन को सदा के लिए तृप्त करना है तो उसे श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण व मनन करना चाहिए। क्योंकि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मानव को सदगति प्राप्त होती है।



यमुनानगर। कैंप में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

व्यक्ति के नाम पर फर्म बनाकर 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी, केस दर्ज

यमुनानगर। शहर में एक व्यक्ति के नाम पर फर्म बनाकर 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ति व्यक्ति की आरोप है कि आरोपियों ने उनके नाम पर फर्म बनाकर जीएसटी नंबर लिया। उसके दस्तावेजों से कारों के लोन कराने शुरू कर दिए। लोन की किस्तें नहीं चुकाने पर बैंक की ओर से उस पर भुगतान का दबाव बनाया जाने लगा। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांचों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार भाटिया नगर निवासी सन्नी कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि संयम जैन, संदीप, पवन, सुनील दत्त उर्फ गुल्ल और सोनू बंसल ने उसके नाम पर फर्म बनाकर जीएसटी नंबर लिया। शिकायत के अनुसारए फर्म के नाम पर तीन से चार करोड़ रुपये का टर्नओवर दिखाया गया।

खबर संक्षेप

बिजली न होने के कारण कामकाज हुआ ठप

कुरुक्षेत्र। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के पहले ही दिन लाडवा शहर सहित आसपास के कई गांवों में बिजली संकट गहरा गया। बुधवार देर रात से गुल हुई बिजली ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी। शहर के कई वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने से जहां घरों में पीने के पानी की समस्या पैदा हो गई, वहीं इन्वर्टर भी जवाब दे गए। हालात ऐसे बन गए कि लोगों को मोबाइल फोन चार्ज करवाने तक के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। बिजली संकट का असर आम जनजीवन के साथ-साथ कारोबार पर भी पड़ा।

हरियाणा के लोग बिजली व पानी के लिए तरस रहेः अशोक

कुरुक्षेत्र। थानेसर के विधायक एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा है कि सरकार की नाकामी के कारण प्रदेश की जनता बिजली व पानी के लिए तरस रही है। जब बिजली कर्मचारियों द्वारा हड़ताल का अल्टीमेटम पहले ही सरकार को दे दिया था तो सरकार को कर्मचारियों से बात करनी चाहिए थी, या फिर वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी। लेकिन सरकार को आम जनता के हितों से कोई लेना देना नही है। अशोक अरोड़ा अपने कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के शहरी प्रधान विवेक मैहता विक्की, ग्रामीण प्रधान सुनील राणा, जिला महासचिव टेकचंद बारना, नगर पार्षद परमवीर सिंह प्रिंस मौजूद थे।

तकनीकी सहयोग जनगणना की महत्वपूर्ण कड़ीः मंजू

कुरुक्षेत्र। जिला जनगणना कोऑर्डिनेटर मंजू जांगड़ा ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए अभिलेखों का व्यवस्थित रखरखाव, विभागीय समन्वय और तकनीकी सहयोग बेहद आवश्यक है। जनगणना के दौरान सटीक आंकड़ों का संकलन, निर्धारित प्रक्रिया का पालन और रिकॉर्ड का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। इसके लिए बेहतर तालमेल और समयबद्ध कार्यप्रणाली अपनाना जरूरी है। जिला जनगणना कोऑर्डिनेटर मंजू जांगड़ा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जनगणना-2027 के दूसरे चरण को लेकर आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर संबोधित कर रही थीं।

दो दिन बिजली संकट के बाद कर्मचारियों व सरकार में बनी सहमति, हड़ताल समाप्त

हड़ताल के चलते बिजली-पानी के लिए हाहाकार, सड़कों पर उतरे लोग, जगह-जगह जाम से थमा शहर

हड़ताल के चलते धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में बिजली संकट ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया



कुरुक्षेत्र। अमीन रोड़ पर जाम लगाते नागरिक। फोटो :हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। लापूर्ति व्यवस्था का जायजा लेते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बिजली वितरण व्यवस्था में निजी कंपनियों को पैरेलल लाइसेंस देने के विरोध में यूएचबीवीएन सेक्टर-8, कुरुक्षेत्र में चल रही कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल शुक्रवार को दूसरे आपसी सहमति के बाद समाप्त हो गई। हड़ताल के चलते धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में बिजली संकट ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बुधवार रात 11 बजे से कई कॉलोनियों में गुल हुई बिजली शुक्रवार तक भी पूरी तरह सुचारू नहीं हो पाई। बिजली के साथ पानी की आपूर्ति भी लड़खड़ा गई और लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। कहीं चौक जाम हुए तो कहीं लोगों को बाल्टियां लेकर पानी के लिए भटकना पड़ा। महिलाओं को भी विरोध के लिए सड़क पर उतरना पड़ा। त्योहारों के सीजन में बिजली की मार से दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हुआ और इनवर्टर की बैटरियां तक जवाब दे गईं। सवाल यह है कि शहरवासियों को बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए आखिर सड़कों पर उतरने को मजबूर क्यों होना पड़ा। समस्या का समाधान नहीं होने से शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अमीन रोड पर सुभाष गली के समीप लोगों ने फिर जाम लगा दिया। करीब डेढ़ घंटे तक चले इस जाम में महिलाएं भी शामिल रहीं। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बिजली न होने के कारण पानी की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया है। लोगों ने जल्द बिजली बहाल करने और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई। मौके पर पहुंचे सीएम विंडो एमिनेट पर्सन गगन कोहली ने पानी के बूस्टर पर जनरेटर लगवाने का आश्वासन दिया। हालांकि, लोगों की प्रमुख मांग बिजली आपूर्ति को जल्द सामान्य करने की रही, ताकि उन्हें पानी के लिए इस तरह परेशान न होना पड़े। वही बिरला मंदिर चौक व झांसा मार्ग पर भी लोगों ने जाम लगाकर रोष जताया।

सुभाष सुधा ने लिया जायजा

पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने वार्डों में पहुंचकर जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय निवासियों से बातचीत कर पानी की उपलब्धता से जुड़ी समस्याएं जानीं। उन्होंने कहा कि हर घर तक नियमित, पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल पहुंचाना प्राथमिकता है। संबंधित समस्याओं का जल्द समाधान करने पर जोर दिया जा रहा है।

सुभाष सुधा ने संभाला मोर्चा, पेयजल व्यवस्था करवाई

वहीं, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने भी मोर्चा संभाला। उन्होंने देर रात करीब दो बजे पार्षदों के साथ बैठक की, जिसमें डीएमसी अमन कुमार भी मौजूद रहे। बिजली आपूर्ति बाधित होने से पानी के बूस्टर ठप पड़ गए थे, लिहाजा लोगों की परेशानी दोहरी हो गई। बिजली गुल होने का सीधा असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ा। पूर्व राज्य मंत्री के प्रयासों से पटियाला बैंक कॉलोनी, राजेंद्र नगर, विष्णु कॉलोनी, कैलाश नगर, मोहन नगर, दीदार नगर और ज्योति नगर सहित कई इलाकों में पानी के बूस्टर चलाने के लिए जनरेटर लगवाए गए। यह व्यवस्था संकट के बीच पानी पहुंचाने के लिए की गई। कई जगह लोग बाल्टियां लेकर चौक-चौराहों पर पानी भरते नजर आए। सामान्य दिनों में घरों तक पहुंचने वाला पानी लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया।

चौक-चौराहों पर जाम

बिजली-पानी की समस्या से परेशान लोगों ने वीरवार रात ब्रह्मा चौक और मीरी-पीरी चौक पर जाम लगाकर रोष जताया। जाम में महिलाएं भी शामिल रहीं। हालात की गंभीरता को देखते हुए थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर समस्या के समाधान का प्रयास किया।



कुरुक्षेत्र। यूएचबीवीएन सेक्टर-8, कुरुक्षेत्र में धरने पर बैठे कर्मचारी।

निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों के साथ कई संगठन उतरे मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बिजली वितरण व्यवस्था में निजी कंपनियों को पैरेलल लाइसेंस देने के विरोध में यूएचबीवीएन सेक्टर-8, कुरुक्षेत्र में चल रही कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने धरना देकर निजीकरण के फैसले के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शन को विभिन्न कर्मचारी, किसान और सामाजिक संगठनों का समर्थन भी मिला। धरने की अध्यक्षता एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के सर्कल सेक्रेटरी कृष्ण चौहान ने की। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) की ओर से गुरुग्राम और नूंह में 11 पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को पैरेलल लाइसेंस दिए जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि बिजली वितरण व्यवस्था में निजी कंपनियों को प्रवेश देने से सरकारी बिजली निगमों की भूमिका प्रभावित हो सकती है। वक्ताओं ने आशंका जताई कि निजी कंपनियों का मुख्य उद्देश्य मुनाफा कमाना होगा, जिसका असर भविष्य में बिजली दरों और आम उपभोक्ताओं के खर्च पर पड़ सकता है।

निजीकरण के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा

प्रदर्शन के दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने बिजली निगम कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा से जुड़े निर्णय लेते समय आम जनता के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने निजीकरण के विरोध में एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। धरने को दिनेश कौशिक, विजय कुमार, विकास, बलजीत, मनदीप, कुलवंत, रविंद्र सैनी, विक्रम चौहान, नरेश कुमार, कीर्ति खोसला, अनिल, धर्मवीर, मनोज, प्रमोद, मुकेश, पुनीत, अंग्रेज सिंह, अशोक, धर्मराज, नरेंद्र, श्याम सुंदर, गुरु चरण, संदीप, सुनील, अजीत, जय किशन और मुकेश कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए सरदार चनन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



शाहबाद। सम्मान प्राप्त करते डॉ. घुम्मन। फोटो :हरिभूमि

सरदार चनन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, शाहबाद मारकंडा को शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी और महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अंबाला स्थित होटल रामाडा में आयोजित हरियाणा स्कूल एजुकेशन कॉन्क्लेव-2026 के दौरान कॉलेज को प्रशंसा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

इस उपलब्धि से कॉलेज परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि हरियाणा की राज्य सूचना आयुक्त नीता खेरा विशिष्ट अतिथि रहीं। इस अवसर पर अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा सहित शिक्षा जगत से जुड़े अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कार्तिकेय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि का आधार है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उनमें नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास भी करती है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाने और विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले संस्थानों के प्रयासों की सराहना की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने इस सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। इस प्रकार के सम्मान शिक्षण संस्थानों को शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. घुम्मन ने इस उपलब्धि का श्रेय कॉलेज प्रबंधन, समर्पित स्टाफ और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षण क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

शहीद श्यामलाल के नाम पर रखा गया भौर सैयदां के राजकीय उच्च विद्यालय का नाम, उमड़े लोग

■ अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पिहोवा। समारोह के दौरान शहीद सिपाही श्यामलाल के परिवार की ओर से 30 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की।

गांव भौर सैयदां स्थित राजकीय उच्च विद्यालय का नाम शहीद सिपाही श्यामलाल की स्मृति में रखे जाने के बाद विद्यालय परिसर में शहीद का शहीदी समारोह श्रद्धा और गौरव के साथ आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पंडित जय भगवान शर्मा डीडी सहित पूर्व मंत्री बलबीर सिंह सैनी, सैनसंस पेपर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी प्रदीप सैनी तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत कर शहीद श्यामलाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि शहीद सिपाही श्यामलाल का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। शहीद के नाम पर विद्यालय का नाम रखा जाना उनके त्याग और देश के प्रति समर्पण को हमेशा जीवंत रखेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना मजबूत होती है। प्रदीप सैनी ने कहा कि शहीदों का सम्मान केवल समारोह तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनकी सोच और आदर्शों को समाज में आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीद श्यामलाल की स्मृति में जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद करना एक सराहनीय पहल है और समाज के सक्षम लोगों को भी ऐसे कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। समारोह के दौरान शहीद सिपाही श्यामलाल के परिवार की ओर से विद्यालय के 30 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की गईं। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों एवं गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय खरबंदा ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों, ग्रामीणों और आसपास के गांवों से पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त किया।

97 स्कूलों के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले में नशे को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रयासरत है। इसके लिए विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें नशा तस्करों को पकड़ने, तस्करी को रोकने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। जिला में सितंबर माह में जागरूकता का विशेष अभियान चलाया है, जिसके तहत 16 स्थानों पर 97 स्कूलों के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोर्ड की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक से पहले मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की राज्य स्तरीय बैठक हुई, जिसमें नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तय किए गए रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने उसी रोडमैप के आधार पर जिला स्तर पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा राज्य को एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स के गठन के लिए कैटेगरी-ए में रखा गया है।

शहर के वार्ड 15 में होंगे लाखों रुपये के विकास कार्य

■ जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओ का प्रमुखता से करे समाधान : सुभाष कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



शाहबाद। गली के निर्माण कार्य की शुरूआत करते चेयरमैन सुभाष कलसाना व अन्य।

शहर के वार्ड नंबर 15 में नगरपालिका की ओर से करीब 9 लाख 80 हजार रुपये की लागत से 1000 फीट लंबी गली का निर्माण करवाया जाएगा। इस विकास कार्य का शुभारंभ हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना, नगरपालिका प्रधान डा गुलशन क्वात्रा, पूर्व नगरपालिका प्रधान बलदेव राज चावला और मनोनीत पार्षद दीपक आनंद ने किया। गली का निर्माण होने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिल रही है। सरकार का प्रयास है कि शहरों और गांवों में लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाकर उनके समाधान के लिए प्रयास करने चाहिए, ताकि विकास कार्यों का लाभ आम लोगों तक पहुंच सके। नगरपालिका प्रधान डॉ. गुलशन क्वात्रा ने कहा कि नगरपालिका की ओर से शाहबाद शहर में करीब 27 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं और अनेक कार्य करवाए जा रहे हैं। शहर के विभिन्न वार्डों में स्थानीय लोगों की जरूरतों के अनुसार गलियों, सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर नपा के पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला , पर्यावरण आयोग के चेयरमैन बसंत राणा, मंडल अध्यक्ष सुपार्श्व जैन, दर्शन लाल आनंद, मधु आनंद. मालिक विजय आनंद, अधिवक्ता मनदीप रावा, जतिन पोपली, लक्की चड्ढा, विजय चावला, स्वर्ण सिंह मुगल माजरा आदि रहे।

सुभाष कलसाना का आभार व्यक्त किया

मनोनीत पार्षद दीपक आनंद ने कहा कि वार्ड नंबर 15 में गली निर्माण की मांग उन्होंने चेयरमैन सुभाष कलसाना के समक्ष रखी थी। इस मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है। उन्होंने इसके लिए सुभाष कलसाना का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गली बनने से वार्डवासियों को काफी सुविधा मिलेगी। लीना आनंद ने गली निर्माण कार्य शुरू करवाने पर चेयरमैन सुभाष कलसाना का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वार्ड में गली निर्माण की मांग पूरी होने से स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना जरूरी है और इस दिशा में निर्माण कार्य शुरू होना खुशी की बात है। इससे पहले वार्ड में पहुंचने पर सुभाष कलसाना का अभिनंदन आतिशबाजी और पुष्प मालाओ से किया गया।

खेल प्रतिभाओं के सम्मान से बढ़ेगा समाज का गौरव

एशियाई खेलों में दो कांस्य पदक जीतने वाले प्रवीण सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पदक विजेताओं का सम्मान करते अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

प्रजापति धर्मशाला सभा कुरुक्षेत्र में खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर समाज और देश का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। धर्मशाला कार्यकारिणी एवं समाज के गणमान्य लोगों ने लेक्चरर एवं स्विमिंग कोच प्रवीण प्रजापति सुपुत्र बलबीर सिंह बीडीपीओ (पूर्व प्रधान, धर्मशाला) को फूलमालाएं पहना कर, पुष्पगुच्छ और गुरु दक्ष प्रजापति का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। प्रवीण प्रजापति ने गत दिनों बेंगलुरु में आयोजित मास्टर एशियाई खेलों में दो स्पधार्ओं में कांस्य पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि से प्रजापति समाज सहित क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उपस्थित लोगों ने खेलों के प्रति समर्पण और मेहनत की सराहना की। समारोह में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी के प्रतिष्ठित खिलाड़ी एवं चार बार के स्वर्ण पदक विजेता प्रजापति राजू छातर को भी उनके साथियों देव आर्य सिरसा, कृष्ण कुमार सिरसा और अनिल सहित सम्मानित किया गया। राजू छातर ने चार अंतरराष्ट्रीय पदक जीत कर समाज का गौरव बढ़ाया है। धर्मशाला प्रधान पवन कुमार चौलिया ने राजू छातर एवं उनकी टीम की ओर से गरीब परिवारों के उत्थान के लिए संचालित कन्यादान महादान योजना की सराहना की। उन्होंने समाज के लोगों से इस पुनीत पहल से जुड़ने तथा युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान मोहन सिंह मिजार्पुर, पूर्व प्रधान बलबीर सिंह, कृष्ण सिरसमा, राजेंद्र प्रजापति, प्रदीप तिगरी, मनोज रामगढ़, लाल सिंह आर्य, दर्शन प्रजापति (पूर्व कैशियर), गुलाब कारसा, हुक्मचंद गोंदर, लीलू राम, कुलदीप धुरान क्योड़क, प्रबंधक दिनेश कुमार सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

आयुष विभाग ने लगाया आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



आयुष विभाग ने शुक्रवार को डीएवी कॉलेज पिहोवा में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आयुष चिकित्सा पद्धतियों, योग और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर के दौरान आयुष विभाग की टीम ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ऋतुचर्या, दिनचर्या, महिला सशक्तिकरण तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चिकित्सकों ने दैनिक जीवन में अच्छी स्वास्थ्य संबंधी आदतें अपनाने, संतुलित दिनचर्या बनाए रखने तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में विद्यार्थियों के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें योग सहायकों ने विभिन्न योगाभ्यास करवाए और उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पडने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने योग सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नियमित योगाभ्यास के महत्व को समझा। चिकित्सा शिविर के दौरान आयुर्वेदिक ओपीडी में 100 तथा होम्योपैथिक ओपीडी में 86 मरीजों ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार का लाभ उठाया।

खबर संक्षेप

कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया

अंबाला। ईआरओ एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर-2026 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा के लिए अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अब तक किए गए कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया गया तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं की फोटो के सत्यापन सहित अन्य लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं और जिनका सत्यापन अभी लंबित है, उनके घर-घर जाकर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से पुनः सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया के दौरान संबंधित क्षेत्र के सरपंच, पंच एवं नंबरदार से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाए।

10 दिवसीय प्रेक्टिकल कार्यशाला का समापन

नारायणगढ़। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयके प्लेसमेंट सैल द्वारा प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार के निर्देशन एवं कार्यकारी प्राचार्य प्रो. संजीव अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में ब्रेन अप आईटी अकादमीके सहयोग से आयोजित 10 दिवसीय प्रेक्टिकल कार्यशाला आईटी स्किल्स, एआई टूल्स एंड करियर रेडीनेस का समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। 10 दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को ग्राफिक डिजाइनिंग, वेब डिजाइनिंग,बिना कोडिंग के वेबसाइट बनाना, एआई टूल्स और रिज्यूमे व पोर्टफोलियो बनाना जैसे महत्वपूर्ण विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

स्विमिंग खेल अकादमी के लिए ट्रॉयल 30 को

अंबाला। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिला में रिहायशी स्विमिंग खेल अकादमी में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल 30 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 10 बजे ऑल वेदर स्विमिंग पूल अंबाला छावनी में आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रायल का उद्देश्य राज्य के प्रतिभावान तैराकों को चुनकर उन्हें रिहायशी अकादमी में आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। रिहायशी अकादमी के नियम एवं शर्तों के अनुसार खिलाड़ी हरियाणा का मूल निवासी हो, आयु प्रमाण आयु की गणना जन्म प्रमाण पत्र या मैट्रिक प्रमाण पत्र के अनुसार होनी चाहिए।

चेयरमैन व वाइस चेयरमैन ने किया दौरा

नारायणगढ़। डीएनटी (हरियाणा विमुक्त, घुमंतू जाति विकास) बोर्ड के चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा एवं वाइस चेयरमैन ओमपाल सिंह ने शुक्रवार को यहां का दौरा किया। एसडीएम शिवजीत ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। डीएनटी समुदाय के लोगों को व्यवस्थित रूप से बसाने तथा उनके पुनर्वास की दिशा में तैयारियों को लेकर एसडीएम कार्यालस में प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में घुमंतू समुदाय के लोगों के पुनर्वास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

बढ़ते संकट से लोग सरकार व बिजली कर्मियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त: पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही

दिनभर बिजली संकट से जनजीवन बेहाल गुस्साए लोगों ने लगाया जाम, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से बने बिजली संकट से जनजीवन बेहाल हो गया। बिजली संकट से पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। लोग अब पीने के पानी को भी तरस रहे हैं। बिजली न होने से तमाम प्रशासनिक कार्यालयों की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। तहसीलों में बिजली न होने से सन्नाटा पसरा है। मकान व प्लाटों की रजिस्ट्री और दूसरे सरकारी काम अटक गए हैं। घरों में पानी की किल्लत भी बढ़ गई है। 70 से 80 फीडर बंद होने का दावा किया गया है। बढ़ते संकट की वजह से अब लोग सरकार व बिजली कर्मियों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। शुक्रवार को कई जगह धरने प्रदर्शन हुए। सरकार को स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। बिजली संकट के चलते जहां घरों में पानी की किल्लत खड़ी हो गई है, वहीं सरकारी कार्यालयों में भी कामकाज प्रभावित हो रहा है। अंबाला शहर की तहसील में जरूरी काम करवाने पहुंचे लोगों को बिजली न होने के कारण मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि सरकारी कामकाज के लिए कर्मचारियों को मोबाइल की टॉर्च का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वे जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग कर रहे हैं। बिजली संकट के कारण अं रजिस्ट्री और दूसरे जरूरी सरकारी काम प्रभावित हो रहे हैं। अंबाला शहर के देवी नगर के हरमेश कुमार ने बताया कि उनके इलाके में पिछले 24 घंटे से बिजली नहीं है। वह अपने मकान की रजिस्ट्री करवाने तहसील पहुंचे थे, लेकिन वहां भी बिजली न होने के कारण उनका काम नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि बिजली संकट के कारण ऐसा लग रहा है, जैसे लोग 50 साल पीछे चले गए हों। घरों में मोमबत्ती जलानी पड़ रही है। नहाने से लेकर बच्चों को स्कूल भेजने तक में परेशानी हो रही है। बिजली संकट का असर केवल सरकारी कामकाज तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी भी प्रभावित हो रही है। लोगों के अनुसार, बिजली न आने से घरों की पानी की टंकियां खाली हो रही हैं। पेयजल की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। अंबाला शहर के एसके शर्मा ने बताया कि उनके घर की पानी की टंकी खाली हो चुकी है।


जाम लगाते हुए लोग।

बिजली-पानी के लिए सड़क पर उतरे लोग

बराड़ा। बिजली और पानी की किल्लत ने क्षेत्र के लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लगातार दूसरे दिन बिजली संकट से जूझ रहे कस्बावासियों का सब्र शुक्रवार को जवाब दे गया। घरों में पेयजल का संकट और दुकानों में ठप कारोबार ने लोगों के गुस्से को सड़क पर ला दिया। सुबह मुख्य बाजार में दुकानदारों ने जाम लगाकर रोष जताया तो दोपहर बाद महिलाएं, युवा और अन्य कस्बावासी भी अलग-अलग स्थानों पर सड़क पर बैठ गए। लोगों ने बिजली-पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाते हुए प्रशासन और बिजली व्यवस्था के प्रति नाराजगी जाहिर की। हैरानी की बात यह रही कि कुछ स्थानों पर निजी बिजली कर्मचारियों की मदद से आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया गया। बिजली चालू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन यह राहत कुछ ही समय की मेहमान साबित हुई। कुछ देर बाद फिर बिजली गुल हो गई और लोगों की परेशानी दोबारा बढ़ गई। बार-बार बिजली आने-जाने और फिर आपूर्ति ठप होने से लोगों का गुस्सा भड़क उठा।

दुकानदारों ने लगाया जाम

बिजली संकट का सीधा असर कारोबार पर पड़ने से शुक्रवार सुबह मुख्य बाजार के दुकानदार सड़क पर उतर आए। बिजली न होने के कारण दुकानों का कामकाज प्रभावित हो रहा था। गुस्साए दुकानदारों ने सड़क जाम कर अपना विरोध दर्ज कराया। लोगों को उम्मीद थी कि जल्द बिजली बहाल हो जाएगी, लेकिन आपूर्ति का बार-बार बाधित होना उनकी परेशानी बढ़ाता रहा। दोपहर करीब दो बजे गांव के निवासियों और अन्य कस्बावासियों ने बंसल पैलेस के नजदीक सड़क जाम कर दिया।

बिजली संकट से पानी की किल्लत

मुलाना। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से यहां पेयजल संकट गहरा गया है। बिजली न आने के कारण पानी की सप्लाई बाधित होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पानी की किल्लत को देखते हुए समाजसेवी नरेंद्र बिलमा ने जनहित में पहल करते हुए चार पानी के टैंकरों के माध्यम से ग्रामीणों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण पानी की मोटरें और ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। इससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी जुटाने में परेशानी हो रही है। ऐसे में नरेंद्र बिलमा की ओर से चार टैंकरों के जरिए पानी उपलब्ध करवाने की पहल से ग्रामीणों को राहत मिली है। बिलमा ने कहा कि संकट की घड़ी में जरूरतमंद लोगों की सहायता करना सभी का सामाजिक दायित्व है।



बिजली निजीकरण का फैसला जनविरोधी

बराड़ा। कांग्रेस विधायक पूजा ने प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में हड़ताल कर रहे बिजली कर्मचारियों का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली वितरण व्यवस्था में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में उठाए जा रहे कदम जनविरोधी हैं। इससे बिजली कर्मचारियों, किसानों और आम उपभोक्ताओं के हित प्रभावित होने की आशंका है। विधायक पूजा ने कहा कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में 24 घंटे से अधिक समय से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गांवों, शहरों और कस्बों में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली पर निर्भर छोटे कारोबारियों का कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई में भी बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय लोगों को राहत देने के बजाय बिजली संकट ने उनकी परेशानियां बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि बिजली केवल घरेलू जरूरत नहीं, बल्कि कृषि, उद्योग, व्यापार और जनजीवन की बुनियादी आवश्यकता है। ऐसे में बिजली आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहना गंभीर चिंता का विषय है।



रोटरी क्लब ने 46 स्कूली छात्रों को बांटी नोट बुक व स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय प्राथमिक पाठशाला सरकपुर में रोटरी क्लब की ओर से विद्यार्थियों को नोटबुक एवं स्टेशनरी वितरित की गई। कार्यक्रम में बीईओ जगदीश मेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रोटरी क्लब प्रधान बलकार सिंह कंबोज की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 46 विद्यार्थियों को नोटबुक और आवश्यक स्टेशनरी का सामान प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल की ओर से विद्यार्थियों की जरूरत को देखते हुए रोटरी क्लब से नोटबुक उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया था। इस पर क्लब ने सकारात्मक पहल करते हुए प्रत्येक बच्चे के लिए 6-6 नोटबुक और स्टेशनरी की व्यवस्था की। इस दौरान बीईओ जगदीश मेहरा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाना एक सराहनीय सामाजिक पहल है। नोटबुक और स्टेशनरी मिलने से विद्यार्थियों को पढ़ाई में मदद मिलेगी।


बराड़ा। बच्चों को नोटबुक वितरित करते क्लब सदस्य।

बाधा दौड़ में शौर्य ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लेना भी जरूरी, 54 विद्यार्थियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पढ़ाई के साथ खेलों को महत्व देना भी शिक्षा का एक जरूरी हिस्सा है। खेल बच्चों को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते है बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, मेहनत और आगे बढ़ने की भावना भी पैदा करते है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में शास्त्री रामफल ने कक्षा छठी के विद्यार्थियों के लिए बाधा दौड़ करवाई। प्रतियोगिता में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाधा दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा छठी के कुल 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को राउंड के आधार पर करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को अपनी गति, फुर्ती और संतुलन दिखाने का अवसर मिला। प्रत्येक राउंड के साथ मुकाबला और अधिक रोचक होता गया। बच्चों ने पूरे जोश के साथ दौड़ लगाई और अगले राउंड में पहुंचने के लिए अपनी पूरी मेहनत की। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश के साथ बच्चों ने खेल भावना का भी परिचय दिया।बाधा दौड़ प्रतियोगिता ने भी विद्यार्थियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर दिया। शौर्य ने पहला स्थान हासिल कर प्रतिभा का परिचय दिया।


अंबाला। खेल गतिविधियों में हिस्सा लेते छात्र।

आत्मविश्वास बढ़ेगा

शास्त्री रामफल की ओर से करवाई गई इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। बाधा दौड़ जैसे खेल बच्चों को तेजी से निर्णय लेना, ध्यान केंद्रित करना और कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़ना सिखाते है। इसके साथ ही बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस को लेकर निकाली शोभायात्रा, लोगों ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस के पावन अवसर पर कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान वाल्मीकि सेवा दल एवं समस्त वाल्मीकि समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। कार्यक्रम में नगर पालिका के चेयरमैन रजत मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि वार्ड नंबर 14 के सदस्य संदीप कोरा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। आयोजकों और श्रद्धालुओं ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन रजत मलिक ने समस्त वाल्मीकि समाज को भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान वाल्मीकि की शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सद्भाव, समानता, भाईचारे और नैतिक मूल्यों को मजबूत किया जा सकता है।

सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया

रजत मलिक ने समाज के विकास और धार्मिक-सामाजिक आयोजनों के महत्व पर जोर देते हुए आयोजन समिति को 25 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा का उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। आयोजन समिति के सदस्यों और वाल्मीकि समाज के लोगों ने इस सहयोग के लिए चेयरमैन रजत मलिक का आभार व्यक्त किया। शोभायात्रा के माध्यम से भगवान वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और उनकी शिक्षाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। आयोजन में समाज के लोगों की भागीदारी ने आपसी एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं और समाज के सदस्यों का धन्यवाद किया।


बराड़ा। भगवान महर्षि वाल्मीकि का आशीर्वाद लेते चेयरमैन रजत मलिक। फोटो :हरिभूमि

तेल डिपो के एक किलोमीटर के दायरे में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध, 31 दिसंबर तक रहेंगे आदेश

अंबाला। डीसी ने जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंबाला छावनी स्थित इंडियन ऑयल एवं अन्य तेल कंपनियों के प्रतिष्ठानों, 12 क्रॉस रोड स्थित ऑयल डिपो तथा पी एंड टी कॉलोनी के समीप स्थित पेट्रोलियम डिपो, एएससी के आसपास एक किलोमीटर के दायरे में सभी प्रकार के पटाखे और आतिशबाजी चलाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी ये आदेश 31 दिसंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश सचिन गुप्ता ने बताया कि तेल डिपो एवं पेट्रोलियम प्रतिष्ठानों के आसपास पटाखे और आतिशबाजी चलाने से आग लगने की आशंका बनी रहती है, जिससे जान-माल की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेशों के अनुसार, निर्धारित एक किलोमीटर के दायरे में सभी प्रकार के पटाखे और आतिशबाजी चलाना प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त, हवाई पटाखे, डायआउट, नाइटआउट और रॉकेट जैसे ऊंचाई पर जाकर विस्फोट करने वाले खतरनाक पटाखों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे पटाखों का उपयोग सामान्य रूप से तथा विशेषकर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नहीं किया जा सकेगा। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक और संबंधित उपमंडल अधिकारियों को आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

बाल भवन बच्चों की छिपी प्रतिभा को तराशने का सशक्त माध्यम

रंगारंग प्रस्तुतियों से युवतियों ने मचाया धमाल

अंबाल। जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव-2026 का शुक्रवार को कुमारी रुक्मणी देवी हॉल में उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। समारोह में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव मीना कांबोज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवालिक विकास एजेंसी की सीईओ पूजा कुमारी भी उपस्थित रही।इससे पहले जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।समारोह को संबोधित करते हुए मानद महासचिव मीना कांबोज ने कहा कि बाल भवन बच्चों की छिपी प्रतिभा को तराशने और उनके सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम हैं। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद का ऐसे आयोजनों को करवाने का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को विभिन्न प्रतियोगिताओं के द्वारा अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई के साथ-साथ अपनी संस्कृति, संस्कारों और अनुशासन को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।



अंबाला। रंगारंग प्रस्तुतियां देती युवतियां।

1254 विद्यार्थियों ने लिया भाग

इस अवसर पर शिवालिक विकास एजेंसी की सीईओ पूजा कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होना भी बहद जरूरी है। बाल महोत्सव का मंच बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारने और उनमें आत्मविश्वास को बढाने का माध्यम है। महोत्सव के अंतिम दिन समूह नृत्य, एकल नृत्य, क्ले मॉडलिंग, मेहंदी रचाओ, शास्त्रीय नृत्य, दीया एवं कैंडल सजावट, देशभक्ति समूह गान, एकल गान, हिंदी एवं अंग्रेजी सुलेख तथा ऑन-द-स्पॉट स्केचिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभिन्न आयु वर्ग के 1254 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह को और आकर्षक बनाया। निर्णायक की भूमिका रेखा सरीन, अनिल महंत, अरविंद सूरी, नीना, जुझार, राधा, अमनप्रीत के. बेदी, दीक्षा मक्कड़, खुशी मंगचंदा, प्रियंका अग्रवाल, डॉ. स्वारित शर्मा व डॉ. पूजा, एचएस पूरेवाल व यामिनी जैन ने निभाई।